## नेशनल • इंटरनेशनल

# कार के नौ साल में 1.25 करोड़ नए र पैदा हुए: श्रम मंत्री भूपेन्द्र यादव



कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा, 'यदि आप ईपीएफओ के आंकड़े देखें तो कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के तहत पेंशनभोगियों की संख्या वित्त वर्ष 2021-22 में 72 लाख हो गई जबकि वित्त वर्ष 2014-15 में इनकी संख्या 51 लाख थी। इस दौरान लगभग 22 लाख लोग सेवानिवृत्त हुए, लेकिन ईपीएफओ द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत पंजीकरण बढ़ गया।' श्रम मंत्री ने कहा कि 2014-15 में ईपीएफओ के पंजीकृत अंशधारकों की कुल संख्या 15.84 करोड़ थी, जो 2021-22 में बढ़कर 27.73 करोड़ हो गई। उन्होंने दो दिन पहले जारी ईपीएफओ के नवीनतम पेरोल आंकड़े का भी उल्लेख करते हुए कहा कि इस साल अप्रैल के महीने में 17.20 लाख नए सदस्य सेवानिवृत्ति कोष निकाय का हिस्सा बने। उन्होंने कहा कि नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) पोर्टल ने पिछले नौ वर्षों में करीब 1.39 करोड़ खाली पदों की सूचना जुटाने में मदद की। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमने तीन विषयों 'सेवा, सुशासन, कल्याण' पर ध्यान केंद्रित किया। जब हम सेवा और 'सबका साथ सबका विकास' की बात करते हैं, तो आपको अंदाजा होता है कि हमने देश में संगठित और असंगठित दोनों तरह के श्रमिकों का ख्याल रखा।' उन्होंने कहा कि संगठित श्रमिक देश के कुल कार्यबल का सिर्फ 10% हैं जबकि 90 प्रतिशत श्रमिक असंगठित क्षेत्र में हैं। उन्होंने कहा कि असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण की व्यवस्था शुरू की गई है और जनधन-आधार-मोबाइल (जेएएम) का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अबतक करीब 400 व्यवसायों में संलग्न करीब 30 करोड़ श्रमिक ई-श्रम पोर्टल से जुड़ चुके हैं।

# 24 के लिए भारत की वृद्धि बढ़ाकर 6.3 पर्सेंट किया

चालू वित्त / कल घरेलू / नुमान को / नसे पहले / रहने का

वृद्धि दर / फिच ने / डीपी वृद्धि / छले वित्त / रही थी। / स्था 9.1 / ने कहा, / मजबूत / री-मार्च) / दर से बढ़ी / के आंकड़े / प्रबंधक / की वृद्धि / वित्त वर्ष / को 0.3 / है।' इससे

पहले फिच ने मार्च में ऊंची मुद्रास्फीति और ब्याज दरें अधिक रहने तथा कमजोर वैश्विक मांग के मद्देनजर 2023-24 के लिए वृद्धि दर के अनुमान को 6.2 से घटाकर छह पर्सेंट कर दिया था। फिच ने कहा कि 2024-25 और 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.5 पर्सेंट रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि मुद्रास्फीति नीचे आई है और घरेलू अर्थव्यवस्था ने रफ्तार पकड़ी है। जनवरी-मार्च की तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर उम्मीद से अधिक रही है। इसके अलावा दो तिमाहियों की गिरावट के बाद विनिर्माण क्षेत्र की स्थिति भी सुधरी है। फिच ने कहा कि अर्थव्यवस्था को ऊंची बैंक ऋण वृद्धि और बुनियादी ढांचा खर्च से भी समर्थन मिलेगा। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मई, 2022 से रेपो दर में की गई ढाई प्रतिशत की वृद्धि का अभी पूरा असर देखने को नहीं मिला है। रेटिंग एजेंसी ने कहा, '2022 में मुद्रास्फीति में तेज बढ़ोतरी की वजह से उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति कम हुई थी और महामारी के दौरान परिवारों का बजट भी घटा था।'

# सेमीकंडक्टर विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए मोदी ने चिप कंपनी माइक्रोन को भारत आने का न्योता दिया

**वॉशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेमीकंडक्टर विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए अमेरिकी चिप कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी को भारत में आने का न्योता दिया है। प्रधानमंत्री ने एप्लाइड मैटेरियल्स को भी प्रक्रिया प्रौद्योगिकी और आधुनिक पैकेजिंग क्षमताओं के विकास के लिए भारत में निवेश के लिए आमंत्रित किया है। भारत उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला के विभिन्न हिस्सों में प्रतिस्पर्धी लाभ प्रदान करता है, जिसकी वजह से विदेशी कंपनियां भारत में निवेश के अवसर तलाश रही हैं। मोदी ने यहां एप्लाइड मैटेरियल्स के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गैरी ई डिकर्सन के साथ भारत में कुशल कार्यबल बनाने के लिए शैक्षणिक संस्थानों के साथ कंपनी के सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, 'प्रधानमंत्री ने भारत में सेमीकंडक्टर विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए माइक्रोन टेक्नोलॉजी को आमंत्रित किया है।' माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सीईओ संजय मेहरोत्रा ने कहा, 'हम भारत में बड़े अवसरों की उम्मीद करते हैं। माइक्रोन मेमोरी और स्टोरेज में वैश्विक स्तर पर अग्रणी कंपनी है। हम सभी बाजारों में मेमोरी और स्टोरेज के आपूर्तिकर्ता हैं।'


**राजस्थान आवासन मण्डल** -जाहिर आम सूचना-
RAJASTHAN HOUSING BOARD
(A State Government Enterprise Constitued Under RHB Act 1970)

क्रमांक आरई/भील/2022-23/ 219 दिनांक 18-04-2023

राजस्थान आवासन मण्डल के आवासीय कॉलोनी शास्त्री नगर विस्तार योजना शहर भीलवाड़ा के आवास संख्या 5-ए-25 श्री प्रहलाद राय सोडाणी पुत्र श्री कल्याणमल सोडाणी को आवंटित किया गया। आवास का आवंटन पत्र क्रमांक 721 दिनांक 30.04.1993 के द्वारा जारी कर दिनांक 20.12.1993 को आवास का भौतिक कब्जा सुपूर्द किया गया तथा मकान की समस्त राशि जमा होने के पश्चात् पत्र क्रमांक 453 दिनांक 15.05.1996 के द्वारा श्रीमती पल्लवी देसाई पत्नि श्री चन्द्रशेखर देसाई के नाम से नियमितिकरण उपरान्त अदेय प्रमाण पत्र जारी किया गया।

श्रीमती पल्लवी देसाई पत्नि श्री चन्द्रशेखर देसाई के पक्ष में आवास के पंजीयन हेतु दिनांक 11.07.1996 को पंजीयन प्रपत्र जारी किये गये। जिसे आवंटी ने दिनांक 12.07.1996 को उप पंजीयक कार्यालय भीलवाड़ा में पंजीयन करवा लिये थे।

इसके पश्चात् उपरोक्त आवास बीच के चार चैनलों के आधार पर श्री राजेश कुमार पालीवाल पुत्र श्री देवी लाल पालीवाल से श्रीमती मंजु जैन पत्नि श्री सुशील जैन ने दिनांक 12.08.2022 को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा क्रय किया

अब अंतिम क्रेता श्रीमती मंजु जैन पत्नि श्री सुशील जैन द्वारा आवास दोहरा पंजीयन उपरान्त नामान्तरण हेतु निर्धारित प्रशासनिक शुल्क राशि जमा करवाकर मय चालान की प्रति, संबंधित विक्रय चैनल व अन्य प्रपत्र सहित प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया हैं जिसकी मण्डल रिकार्ड में इन्द्राज की कार्यवाही विचाराधीन हैं।

अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति / हितधारी को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की सार्वजनिक प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय दस्तावेज एवं पहचान पत्र के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी तथा नामान्तरण की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियन्ता-राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड भीलवाड़ा



**राजस्थान सिलेण्डर्स एण्ड कन्टेनर्स लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय :एसपी-825, रोड नं. 14, वीकेआई एरिया, जयपुर-302013, फोन: 91-141-4031771-2
E: info@bajoriagroup.in; W: www.bajoriagroup.in; CIN No: L28101RJ1980PLC002140

**31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही एवं वार्षिक वर्ष के लिए स्टैण्डएलॉन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरणों का सार**
(राशि लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वार्षिक वर्ष | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2023 | 31.12.2022 | 31.03.2022 | 31.03.2023 | 31.03.2022 |
| | | (अंकेक्षित) | (गैर अंकेक्षित) | (अंकेक्षित) | (अंकेक्षित) | (अंकेक्षित) |
| 1. | क) परिचालन से राजस्व | 35.73 | 102.13 | 316.71 | 931.51 | 1139.98 |
| | ख) अन्य आय | 41.64 | 14.81 | 851.64 | 470.17 | 1099.97 |
| | कुल आय | 77.37 | 116.94 | 1168.35 | 1401.68 | 2239.95 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/ या असाधारण वस्तुओं से पहले) | (143.00) | (203.25) | 630.07 | (146.80) | 432.87 |
| 3. | कर के पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/ या असाधारण वस्तुओं से बाद) | (143.00) | (203.25) | 630.07 | (146.80) | 432.87 |
| 4. | कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और / या असाधारण वस्तुओं से बाद) | (147.35) | (134.48) | 606.24 | 30.92 | 400.11 |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए व्यापक लाभ/हानि) (कर के बाद) एवं अन्य व्यापक आय (कर के बाद), | (145.74) | (134.48) | 630.48 | (18.24) | 427.56 |
| 6. | समता अंश पूंजी | 336.16 | 336.16 | 336.16 | 336.16 | 336.16 |
| 7. | बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन अधिशेष को छोड़कर अन्य इक्विटी | | | | 1246.50 | 1253.66 |
| 8. | आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रति का) (संचालन जारी रखने और बंद करने के लिए) | | | | | |
| | 1. मूल | (4.38) | (4.00) | 18.03 | 0.92 | 11.90 |
| | 2. तरल | (4.38) | (4.00) | 18.03 | 0.92 | 11.90 |

टिप्पणी:
(1) 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही एवं समाप्त वार्षिक वर्ष के उपर्युक्त अंकेक्षित वित्तीय परिणाम की समीक्षा एवं सिफारिश लेखा परीक्षा समिति द्वारा की गई एवं 22 जून, 2023 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया।
(2) कंपनी के अंकेक्षित स्टैण्डअलोन वित्तीय परिणाम भारतीय लेखा मानकों (आईएनडी-एएस) के अनुसार कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 एवं भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय मण्डल (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम 2015 के नियम 33 के तहत निर्धारित किए गए है।
(3) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीबद्धता एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज के पास दाखिल की गई समाप्त तिमाही एवं वार्षिक वर्ष के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। समाप्त तिमाही एवं वार्षिक वर्ष के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाईट (www.bajoriagroup.in) पर उपलब्ध है।
(4) पिछली अवधियों/ वर्षों के आंकड़ों को जहां भी आवश्यक समझे गये है, उन्हे पुनः व्यवस्थित/ पुनर्वर्गीकृत किया गया है। 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही और 31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही के आंकड़े पूरे वित्तीय वर्ष के संबंध में लेखापरीक्षित आंकड़ों और संबंधित वित्तीय वर्ष की सीमित समीक्षा के लिए तीसरी तिमाही के अंत तक जिन्हें अधीन किया गया या प्रकाशित वर्ष के आंकड़ों के बीच संतुलन के आंकड़े हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
वास्ते राजस्थान सिलेण्डर्स एण्ड कन्टेनर्स लिमिटेड
हस्ता./-
स्थान : जयपुर
दिनांक : 22.06.2023
अविनाश बाजोरिया, (अध्यक्ष सह प्रबन्ध निदेशक)
DIN: 01402573